# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

**(श्री कल्याण राजकीय महाविद्यालय के पीछे, सीकर–332001)**

टेलीफोन नं. 01572–272100, 273100, 273200 टेलीफेक्स 01572–273100

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com


क्रमांक:–प–1 ( )परीक्षा/2017–2018/1149 दिनांक:– 09/05/19

## बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भरवाये जाने हेतु विज्ञप्ति

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से सम्बद्धता प्राप्त झुन्झुनू एवं सीकर जिलों के बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष के नियमित/पूर्व छात्रों के लिए परीक्षा 2019 के परीक्षा आवेदन पत्र ई–मित्र के माध्यम से ऑनलाईन भरने की तिथियां निम्नानुसार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बिना विलम्ब शुल्क | 13.05.2019 से 22.05.2019 तक |
| 2. | 100/– रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 23.05.2019 से 24.05.2019 तक |
| 3. | दो गुना परीक्षा शुल्क के साथ | 25.05.2019 से 29.05.2019 तक |
| 4. | तीन गुना परीक्षा शुल्क के साथ | 30.05.2019 से 04.06.2019 तक |

नोट :–

i. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथियां आगे नहीं बढ़ाई जायेगी।

ii. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु दिशा–निर्देश, परीक्षा शुल्क का विवरण एवं नियमित महाविद्यालयों की सूची आदि की सूचना वेबसाईट www.shekhauni.ac.in पर उपलब्ध है। परीक्षा आवेदन पत्र संबंधी जानकारी के लिए हेल्प लाईन नं.– **7073770345**

iii. समस्त नियमित परीक्षार्थियों को संकलित परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी दो प्रतियों में मय दस्तावेज एवं E-mitra की मूलप्रति संलग्न कर अगले दो कार्य दिवस तक संबंधित महाविद्यालय में जमा कराना होगा।

iv. विश्वविद्यालय में डाक/कोरियर द्वारा प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे तथा ऐसे परीक्षा आवेदन पत्र स्वत: निरस्त समझे जायेंगे।

v. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम हेतु आवंटित सीटों के अनुसार ही नियमित छात्रों से आवेदन पत्र भरवाए गए हैं, इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा आवेदन पत्रों के साथ संलग्न करना होगा।

vi. संबंधित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियाँ पूर्ण रूप से सही भरी जा चुकी हैं। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे– परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय में जमा करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि आवेदन पत्र की कम्प्यूटर प्रति एवं कार्यालय प्रति के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर दोनों प्रतियां अलग–अलग बंडल के रूप में विश्वविद्यालय को दिनांक 10.06.2019 तक प्रस्तुत करें। उपरोक्त कारणों से परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होने के स्थिति में संबंधित महाविद्यालय ही जिम्मेवार होगा।

(डॉ. अशोक कुमार महला)

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः–प–1 ( )परीक्षा/2017–2018/1149 दिनांकः–09/05/19

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. महाविद्यालय सुनिश्चित करलें कि नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थियों के संकलित परीक्षा आवेदन पत्र सही है एवं दो प्रतियों में मय दस्तावेज ई–मित्र पर जमा शुल्क की प्रति सहित परीक्षा आवेदन पत्रों को व्यवस्थित कर अनिवार्य रूप से दिनांक 10.06.2019 तक महाविद्यालय को विश्वविद्यालय में स्वयं जमा कराना होगा, जिसका यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
2. समस्त प्राचार्य, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से सम्बद्धता प्राप्त बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी की उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियां पूर्ण रूप से सही भरी जा चुकी हैं। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे–परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय में जमा करें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि आवेदन पत्र की कम्प्यूटर प्रति एवं कार्यालय प्रति के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर दोनों प्रतियां अलग–अलग बंडल के रूप में विश्वविद्यालय को दिनांक 10.06.2019 तक प्रस्तुत करें। उपरोक्त कारणों से परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होने के स्थिति में संबंधित महाविद्यालय ही जिम्मेवार होगा।
3. वित्त नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर लेख है कि वे परीक्षा– 2019 हेतु ई–मित्र द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क की राशि जमा विवरण प्राप्त कर मिलान करने का भी श्रम करें।
4. निजी सचिव; कुलपति/कुलसचिव/निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
5. कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के जिलों में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर आदि) में एक बार प्रकाशित करवावें एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित कराने की व्यवस्था करवावें।
6. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, जयपुर।
7. समस्त अनुभागाधिकारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
8. संबंधित कम्प्यूटर फर्म।
9. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।

(डॉ. अशोक कुमार महला)
परीक्षा नियंत्रक

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

(श्री कल्याण राजकीय महाविद्यालय के पीछे, सीकर–332001)
टेलीफोन नं. 01572–272100, 273100, 273200 टेलीफेक्स 01572–273100
वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेलः reg.shekhauni@gmail.com


क्रमांकः–प–1 ( )परीक्षा/2017–2018/1150 दिनांकः– 09/05/19

## बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष के परीक्षा – 2019 ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने संबंधी दिशा–निर्देश"

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से सम्बद्धता प्राप्त झुन्झुनू एवं सीकर जिलों के बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष के नियमित/पूर्व छात्रों के लिए परीक्षा, 2019 के परीक्षा आवेदन पत्र ई–मित्र के माध्यम से ऑनलाईन भर सकते है।

झुन्झुनू एवं सीकर जिलों के बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष के नियमित/पूर्व छात्रों के लिए परीक्षा, 2019 के परीक्षा आवेदन पत्र भर कर डाउनलोड करने की सुविधा दिनांक 13.05.2019 से आरम्भ की जा रही है।

**ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र डाउनलॉड करने संबंधी दिशा–निर्देश :–**

**छात्र सर्वप्रथम वेबसाईट www.shekhauni.ac.in पर विजिट करें। कृपया आवेदन पत्र भरते समय समस्त प्रविष्ठियां सावधानी पूर्वक भरें। हस्तलिखित अधूरे अथवा गलत भरे आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझे जायेंगे।**

1. सर्वप्रथम सभी महाविद्यालय, उनको आवंटित कोड से वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** पर अपना ई–मेल आई.डी. का रजिस्ट्रेशन करवायेंगे तत्पश्चात उन्हें महाविद्यालय लॉगईन आईडी तथा वन टाईम पासवर्ड उनके पंजीकृत मोबाईल पर विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाया जायेगा। महाविद्यालय अपना नया पासवर्ड बदलने के ऑप्सन पर अपना नया पासवर्ड उसी वेबसाईट पर अपने स्तर पर बदल सकेंगे।
2. महाविद्यालय ई–मित्र पर जमा शुल्क के साथ प्राप्त आवेदन पत्रों को कक्षावार उसी वेबसाईट पर प्रत्येक छात्र के आवेदन पत्र को वेरिफाई बटन पर वेरिफाई करें। संबंधित कक्षा के सभी आवेदन पत्र वेरिफाई होने के पश्चात प्रिंट ऑप्सन पर जाकर नोमिनल रॉल का प्रिन्ट लें। तत्पश्चात नोमिनल रॉल लिस्ट के क्रमानुसार ही परीक्षा आवेदन पत्रों को व्यवस्थित कर नोमिनल लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक 10.06.2019 तक जमा करवायें।
3. महाविद्यालय ध्यान रखें कि उक्त प्रक्रिया के अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
4. बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम संचालित महाविद्यालयों को वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** पर अपने महाविद्यालय, संचालित कोर्स, विषयों, विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सीटों का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा परीक्षा आवेदन पत्र भरना संभव नहीं होगा। इसके लिए महाविद्यालय को अपना लॉगईन आईडी (कॉलेज कोड) एवं पासवर्ड (स्वयं द्वारा निर्मित) उक्त वेबसाईट पर बनाना अनिवार्य होगा।
5. परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु दिशा–निर्देश, परीक्षा शुल्क का विवरण, महाविद्यालयों की सूची आदि की सूचना वेबसाईड www.shekhauni.ac.in पर उपलब्ध है।
6. परीक्षार्थी बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष के जिस श्रेणी के लिए आवेदन करना चाहता है, उस श्रेणी का ध्यान पूर्वक चयन करें, यथा नियमित के तहत।
7. छात्र संबंधित कक्षा का चयन करने के पश्चात जो आवेदन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्टियों को अपने स्तर पर भरकर प्रिंट पर क्लिक कर, दो प्रति परीक्षा आवेदन–पत्र की विश्वविद्यालय कार्यालय के लिए होगी। परीक्षार्थी को तकनीकी विधि से अपना फोटो तथा हस्ताक्षर स्केन कर परीक्षा आवेदन–पत्र के निर्धारित स्थान पर अटैच करना है।

8. (A) नियमित परीक्षार्थियों का निर्धारित परीक्षा शुल्क ई–मित्र के माध्यम से जमा होगा, परीक्षा शुल्क जमा करवाने का अतिरिक्त निर्धारित शुल्क रू. 5/– प्रति परीक्षार्थी द्वारा ई–मित्र को अदा करना होगा। परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा आवेदन पत्र की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी–

(अ) छात्र सर्वप्रथम ई–मित्र के माध्यम से अपनी कक्षा से संबंधित पंजीकरण करवाकर ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरेंगे।

(ब) निर्धारित शुल्क के चालान का प्रिंट लेकर ई–मित्र पर शुल्क जमा करवायें। पुनः वेबसाईट www.shekhauni.ac.in पर लॉगईन कर चालान पर अंकित परीक्षा आवेदन पत्र नम्बर और जन्म तिथि अंकित करके अपने परीक्षा आवेदन पत्र का दो प्रतियों में प्रिंट लें।

(स) ई–मित्र पर एक बार परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा और ई–मित्र पर जमा शुल्क का टोकन निरस्त नहीं होगा। संबंधित ई–मित्र भी यह सुनिश्चित कर लें।

(द) आवेदनकर्ता अपना परीक्षा आवेदन पत्र ई–मित्र के माध्यम से ऑनलाईन भरवा सकते हैं। इसके लिए संबंधित कियोस्क को उनका निर्धारित शुल्क रू. 20/– प्रति परीक्षा आवेदन पत्र एवं वेब कैमरा से फोटो अपलोड करने का निर्धारित शुल्क रू. 5/– परीक्षार्थी द्वारा अलग से देना होगा।

(य) नियमित परीक्षार्थियों द्वारा ई–मित्र के अलावा अन्य किसी माध्यम (जैसे नकद/बैंक ड्राफ्ट/चैक/पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा जमा कराया गया परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।

(B) ई–मित्र हेल्प लाईन नं., टोल फ्री नम्बर– 7073770345 ई–मेल आईडी emitra.support@gmail.com

(C) नियमित परीक्षार्थी ई–मित्र पर जमा शुल्क की रसीद की मूल प्रति को परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी की दो प्रतियों के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित शुल्क जमा कराने की तिथि से अगले दो कार्य दिवस तक संबंधित महाविद्यालय में जमा करावें।

9. संबंधित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियां पूर्ण रूप से भरी जा चुकी है। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे– परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने, त्रुटिसुधार के पश्चात ही परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करेगा। **ई–मित्र से प्राप्त रसीद के पीछे जमाकर्त्ता के हस्ताक्षर एवं महाविद्यालय की मोहर अंकित कर परीक्षार्थी को रसीद के रूप में प्रदान करें।** महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि आवेदन–पत्र की कम्प्यूटर प्रति अलग रखें, तथा ऑफिस प्रति के साथ निम्नानुसार दस्तावेज संलग्न करें:–

**a.** बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष के परीक्षा आवेदन पत्र के साथ 10+2+3की अंकतालिकाएं, पीटीईटी, 2018 का आवंटन पत्र, आरक्षित वर्ग से संबंधित प्रमाण पत्र आदि संलग्न करना आवश्यक है।

10. ऐसे छात्र जो बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष के तीन विषयों से अधिक (अनिवार्य/ ऐच्छिक विषय/ प्रायोगिक) विषयों में अनुत्तीर्ण है वे बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष के प्रायोगिक सहित सभी विषयों में पूर्व छात्र के रूप में प्रविष्ठ होंगे। साथ ही जो छात्र आंतरिक मूल्यांकन में अनुपस्थित रहें उन्हें भी आंतरिक एवं सैद्धान्तिक (Theory And Practical) दोनों में प्रविष्ठ होना अनिवार्य है।

11. संबंधित महाविद्यालय नियमित/पूर्व परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र के सावधानी पूर्वक जांच करले। विश्वविद्यालय को अग्रेषित करने के पश्चात किसी भी प्रकार की गलती पायी जाने पर 1000/– रूपये प्रति गलती महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को अदा करने होंगे।

12. **<u>बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष</u>** के परीक्षा आवेदन–पत्र सभी नियमित विद्यार्थी भर सकेंगे, परन्तु **<u>75 प्रतिशत या उससे अधिक उपस्थिति वाले नियमित विद्यार्थी ही परीक्षा–2019</u>** में सम्मिलित हो सकेंगे।
13. बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष के नियमित छात्र अथवा फ्रेश परीक्षा आवेदन पत्र भरने वाले छात्र अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम बोर्ड/विश्वविद्यालय की अंकतालिका के अनुसार भरें तथा तकनीकि विधि से अपना फोटो तथा हस्ताक्षर स्केन कर परीक्षा आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर Attach करेंगे।
14. बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष के नियमित/पूर्व छात्र अपने परीक्षा फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित महाविद्यालय जिसके वे नियमित छात्र हैं/रहे हैं, वहां जमा करायेंगे।
15. बीए.बीएड/बी.एससी. बीएड प्रथम वर्ष के नियमित छात्र 10+2+3, PTET 2018 का आवंटन पत्र, अंकतालिकाऐं संलग्न करें तथा बी.एड. द्वितीय के छात्र बी.एड. प्रथम की समस्त परीक्षाओं की अंकतालिका जिसमें छात्र प्रविष्ठ हुआ है, संलग्न करें।
16. परीक्षार्थी ध्यान रखें कि विश्वविद्यालय में डाक/कोरियर द्वारा प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः ऐसे परीक्षा आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त समझे जावेंगे।
17. संबंधित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित शैक्षणिक विषयों/स्पेशल विषयों का एक बार चयन करने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में बदलाव संभव नहीं होगा।
18. राजस्थान विश्वविद्यालय अधिनियम 168–ए के अनुसार विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा एक वर्ष में आयोजित होने वाली दो मुख्य परीक्षा में सम्मिलत नहीं हो सकता।

नियमित/पूर्व छात्र परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षा, 2019 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क मय स्पोर्ट्स शुल्क निम्नानुसार हैं:–

**नियमित एवं पूर्व छात्र द्वारा देय परीक्षा शुल्क का विवरण:–**

| S.No. | Particulars | For Regular | For Ex-Student |
|---|---|---|---|
| 1 | BA-B.Ed./B.Sc.-B.Ed. Pt.-I | 2420/- | 2530/- |
| 2 | Fees for Physically Challenged Students (For above all categories) | 550/- | 605/- |

नोट:–

i. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि मेडिकल ऑफिसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

ii. परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु दिशा–निर्देश, विषय कोड सूची, परीक्षा शुल्क का विवरण एवं महाविद्यालयों संबंधी सूचना वेबसाईट <u>www.shekhauni.ac.in</u> पर उपलब्ध है। परीक्षार्थी पूर्णरूपेण भरे हुए परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी परीक्षा फीस की ई–मित्र रसीद सहित, अन्तिम तिथि से अगले दो कार्य दिवस में संबंधी महाविद्यालयों में आवश्यक रूप से जमा करावें।

iii. संबंधित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करने से पूर्व सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन–पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियां पूर्ण रूप से भरी जा चुकी है। यदि आवेदन–पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे– परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक अथवा परीक्षार्थी के नामांकन आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हें परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करवाने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन–पत्र महाविद्यालय में जमा करें। **<u>ई–मित्र से प्राप्त रसीद के पीछे जमाकर्त्ता के हस्ताक्षर एवं महाविद्यालय की मोहर अंकित कर परीक्षार्थी को रसीद के रूप में प्रदान करें।</u>** महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि आवेदन–पत्र की कम्प्यूटर प्रति अलग रखें, तथा कार्यालय प्रति के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न हो। उपरोक्त कारणों से परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होने के स्थिति में संबंधित महाविद्यालय ही जिम्मेवार होगा।

iv. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय अपने महाविद्यालय के स्थायी दूरभाष, मोबाईल नं., ई–मेल आईडी एवं फैक्स नं., महाविद्यालय कोड, अध्यापन कराये जाने वाले ऐच्छिक विषय समूह (Subject Combination) एवं (Special Subject) लिखित में विश्वविद्यालय को भेजें।

v. **बी.ए.बी.एड/बी.एससी.बी.एड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा इनरोलमेन्ट शुल्क हेतु 260 रू. तथा इलिजिबिलिटी शुल्क हेतु 260 रू. देय होगा।**

vi. जिन विद्यार्थियों ने अपनी अंतिम परीक्षा अन्य विश्वविद्यालय से पास की है, वे अपना मूल माइग्रेशन संबंधित महाविद्यालय में जमा करवायें।

vii. प्राचार्य, समस्त बी.ए.बी.एड/बी.एससी.बी.एड प्रथम वर्ष के महाविद्यालय को लेख है कि जिन विद्यार्थियों ने अपनी अंतिम परीक्षा अन्य विश्वविद्यालय से पास की है, उनका मूल माइग्रेशन प्राप्त कर उसे वेरीफाई कर आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करावें। माइग्रेशन के वेरीफिकेशन/सत्यापन एवं विद्यार्थी की इलिजिबिलिटी की जांच कर उसकी रिपोर्ट अलग से विश्वविद्यालय में जमा करावें। विद्यार्थियों की मूल अंकतालिकाओं की जांच कर उन्हें वापिस विद्यार्थियों को लौटानी है।

(डॉ. अशोक कुमार महला)
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः–प–1 ( )परीक्षा/2017–2018/ 1150 दिनांकः– 09/05/19

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. कुलपति सचिवालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
2. प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह द्वारा सुनिश्चित करलें कि नियमित एवं पूर्व परीक्षार्थियों के संकलित परीक्षा आवेदन पत्र सही है। महाविद्यालयों को दो प्रतियों में मय दस्तावेज ई–मित्र पर जमा शुल्क की प्रति सहित परीक्षा आवेदन पत्रों को व्यवस्थित कर अनिवार्य रूप से दिनांक 11.05.2019 तक विश्वविद्यालय में स्वयं जमा कराना होगा, जिसका यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
3. कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
4. वित्त नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर
5. सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर।
6. निजी सचिव, परीक्षा नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
7. समस्त अनुभागाधिकारी।
8. संबंधित कम्प्यूटर फर्म।
9. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।

(डॉ. अशोक कुमार महला)
परीक्षा नियंत्रक